Monocaster Operators have been categorised as 'skilled' with a pay scale of Rs. 100-3-130. The Committee however recommended a higher grade with a pay scale of Rs. 125-155 for certain Monocaster Operators. The creation of this grade is under consideration.

**मैसर्स बर्ड एण्ड कम्पनी**

7808. **श्री राम सिंह अयरवाल :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री राम गोपाल शालवाले :**
**श्री ओ० प्र० त्यागी :**

क्या वित्त मन्त्री 8 जून, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1904 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मैसर्स बर्ड एण्ड कम्पनी, कलकत्ता से बरामद हुए कागजात की जांच करने में अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(ख) उसे पूरा करने में और कितना समय लगने की सम्भावना है ?

**उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई):** (क) मेसर्स बर्ड एण्ड कम्पनी के पास से पकड़े गये कागजों की प्रवर्त्तन निदेशालय आयकर अधिकारियों तथा समवाय कार्य विभाग द्वारा की जा रही जांच पड़ताल अभी भी चल रही है।

(ख) यह ठीक ठीक नहीं बताया जा सकता कि जांच पड़ताल पूरी होने में कितना समय लगने की सम्भावना है। यह अवश्य है कि जांच पड़ताल को जल्दी ही पूरा करने की

**विदेशी बैंकों चैकों तथा ड्राफ्टों का राजकोट में पकड़ा जाना**

7809. **श्री ओ० पी० त्यागी :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री राम गोपाल शालवाले :**
**श्री राम सिंह अयरवाल :**

क्या वित्त मन्त्री 8 जून, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1867 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजकोट में पकड़े गये विदेशी बैंकों के चैकों तथा ड्राफ्टों के बारे में सूचना इस बीच इकट्ठी कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसमें और कितना समय लगने की सम्भावना है ?

**उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई):** (क) जी, अभी नहीं।

(ख) सवाल ही नहीं उठता।

(ग) जांच-पड़ताल यथा सम्भव शीघ्र पूरी करने के लिए कोशिश की जा रही है।

**यमुना तटों का विकास**

7810. **श्री क० मि० मधु कर :**
**श्री रामावतार शास्त्री :**
**श्री चन्द्र शेखर सिंह :**

क्या **निर्माण आवास तथा पूर्ति** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि यमुना बाजार नागरिक परिषद् के प्रतिनिधि प्रधान मन्त्री से मिले थे और यह सुझाव दिया था कि यमुना नदी के किनारे बम्बई के मैरीन ड्राइव के समान एक बस्ती बनाई जाये जैसा कि 8 जुलाई, 1967 के 'हिन्दुस्तान' में समाचार प्रकाशित हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**निर्माण, आवास तथा पूर्ति मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री इकबाल सिंह) :** (क) जी हां।

(ख) मास्टर प्लान के अनुसार भूमि का उपयोग हरा रहना है। निवासियों के द्वारा यह सुझाव दिया गया कि भूमि का उपयोग रिहायश के लिए बदल दिया जाये तथा वहां गन्दी बस्ती में रहने वालों के लिए टैनमेंट बना दिया जावें। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।